# बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

गांधी चौक, बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001

फोन 07752-220007, 220031, 220032, 220033, 220037, 220014, फैक्स-07752-220007, 260294

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in


क्र.162 / प्रशा. / बि.वि.वि. / 2017 बिलासपुर, दिनांक 10 / 02 / 2017

## अधिसूचना

बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर के सीधी भर्ती से पदों की पूर्ति हेतु Online विज्ञापन क्रमांक 3355 / प्रशा. / बि.वि.वि. / 2016, दिनांक 10 / 05 / 2016 को विश्वविद्यालय के पत्र क्र. 3460 / स्था प्रशा. / बि.वि.वि. / 2016, दिनांक 01 / 06 / 2016 द्वारा चयन प्रक्रिया हेतु गठित समिति की अनुशंसा के अनुक्रम में आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

शासकीय निर्देशों के अनुक्रम में, कार्यपरिषद के आदेशानुसार उक्त विज्ञापन (शुद्धि पत्र सहित) एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

2/– उक्त विज्ञापन के अनुक्रम में जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क दोनो जमा किया गया था उन्हें विश्वविद्यालय के विज्ञापन क्रमांक 163 / प्रशा. / बि.वि.वि. / 2017, बिलासपुर दिनांक 10 / 02 / 2017 के क्रम में पद / पदों जिनके लिए पूर्व में आवेदन शुल्क जमा कर चुके हैं पुनः आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। परंतु विश्वविद्यालय विज्ञापन के प्रत्युत्तर में अभ्यर्थियों को पुनः ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

आदेशानुसार

(डॉ.इन्दु अनन्त)
**कुलसचिव**
बिलासपुर विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

# बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

गांधी चौक, बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001

फोन 07752-220007, 220031, 220032, 220033, 220037, 220014, फैक्स-07752-220007, 260294

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in


क्र. 163 / प्रशा. / बि.वि.वि. / 2017 बिलासपुर, दिनांक 10 / 02 / 2017

## सीधी भर्ती से पदों की पूर्ति हेतु Online विज्ञापन

बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर में निम्नलिखित पद सीधी भर्ती से भरने हेतु पात्रता रखने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थियों से दिनांक 06 / 03 / 2017 रात्रि 11.59 बजे सर्वर समय तक निर्धारित प्रपत्र में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं –

| क्र | पदनाम | वेतन बैंड + ग्रेड वेतन | आरक्षण की स्थिति | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जनजाति | | | | अनुसूचित जाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | अनारक्षित | | | | |
| | | | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भू.पू.सै. | योग |
| 1 | प्रोग्रामर | 15600+39100+5400 | | | | | | | | | | | | | 1 | | | | 1 |
| 2 | कुलपति के निज सहायक | 9300-34800+4300 | | | | | | | | | | | | | 1 | | | | 1 |
| 3 | स्टेनों ग्राफर | 5200-20200 + 2400 | 1 | | | | | | | | | | | | 1 | | | | 2 |
| 4 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 5200-20200 + 2400 | 2 | 1 | | | 1 | | | | 1 | 1 | | | 2 | 1 | | 1 | 10 |
| 5 | सहायक ग्रेड–III / कार्यालय सहायक | 5200-20200 + 1900 | 2 | 2 | | 1 | 1 | 1 | | | 1 | 1 | | | 3 | 2 | 1 | 1 | 16 |
| 6 | स्टेनों टाइपिस्ट | 5200-20200 + 1900 | | | | | | | | | | | | | 1 | | | | 1 |
| 7 | लैब टेक्निशियन | 5200-20200 + 1900 | 1 | | | | | | | | 1 | | | | 1 | 1 | | | 4 |
| 8 | वाहन चालक | 5200-20200 + 1900 | 1 | | | | | | | | 1 | | | | 1 | 1 | | | 4 |
| 9 | प्रयोगशाला परिचारक | 5200-20200 + 1800 | 1 | | | | | | | | 1 | | | | 1 | 1 | | | 4 |
| 10 | भृत्य | 4700-7440 + 1300 | 1 | 1 | | 1 | 1 | | | | 1 | 1 | | | 2 | 1 | | 1 | 10 |
| | योग | | 9 | 4 | 0 | 2 | 3 | 1 | 0 | 0 | 6 | 3 | 0 | 0 | 14 | 7 | 1 | 3 | 53 |

**1.** विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। आवश्यकतानुसार संख्या घटाई / बढाई जाने हेतु कुलपति, बिलासपुर विश्वविद्यालय का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। **2.**माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक रिट पिटी(सी) क्रमांक 591 / 2012, रिट पिटी / सी 592 / 2012, सी रिट पिटी(सी) क्रमांक 593 / 212 तथा रिट पिटी(सी) क्रमांक 594 / 2012 आरक्षण बिंदु संबंधित पारित होने वाले अंतिम आदेश / निर्णय के अध्याधीन रहेगी। **3. आवेदन शुल्क** – प्रोग्रामर पद के लिए सामान्य / पिछड़ा वर्ग ₹.700 एवं अ.ज.जा. / अ.जा. हेतु ₹.400 तथा तृतीय श्रेणी ( क्रमांक 2 से 8 )के पदों के लिए पिछड़ा / सामान्य वर्ग–₹.500 / –एवं अ.ज.जा. / अ.जा.वर्ग–₹.250 / – एवं चतुर्थ श्रेणी ( क्रमांक 9 एवं 10 ) के पदों के लिए पिछड़ा / सामान्य वर्ग–₹.300 / –एवं अ.ज.जा. / अ.जा.वर्ग–₹.150 / –का भुगतान Payment gateway के माध्यम से करें। बैंक प्रभार (यदि कोई हो) अतिरिक्त देय होगा। निःशक्तजन श्रेणी के आवेदकों द्वारा किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। **4.** जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती विज्ञापन क्रमांक 3355 / प्रशा. / बि.वि.वि., दिनांक 10.05.2016 के अनुक्रम में ऑनलाइन आवेदन एवं आवेदन शुल्क जमा किया था उन्हें उन्हीं पद / पदों के लिए पुनः आवेदन शुल्क जमा नहीं करना है, परन्तु Online आवेदन पत्र फिर से पूर्ति कर जमा करना अनिवार्य है। **5. आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर के वेब साईट www.bilaspuruniversity.ac.in पर उपलब्ध है।** **6.** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईट का सतत् अवलोकन करते रहें।

कुलसचिव
बिलासपुर विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

# बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

गांधी चौक, बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001
फोन 07752-220007, 220031, 220032, 220033, 220037, 220014, फैक्स-07752-220007, 260294
ई–मेल :bilaspur.university2012@gmail.com Website : www.bilaspuruniversity.ac.in

## सीधी भर्ती से पदों की पूर्ति हेतु सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी

### पदवार न्यूनतम शैक्षणिक /तकनीकी अर्हताएँ

1. प्रोग्रामर

(i) M.E./M.Tech degree in Computer Science or related subject from a recognized University/Institution with 2 year's post qualification work experience in managing and implementing software installation & development with programming capability in C, C++, Java/ Dot Net/ J2EE and MSSQL/ Oracle.

OR

(ii) M.Sc.(CS)/ M.C.A. with 3 year post qualification work experience in managing and implementation software installation & development with Programming capability in C, C++, Java/ Dot Net /J2EE and MSSQL/Oracle.

2. कुलपति के निज सहायक

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि कम से कम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण.

(ii) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परिषद् से हिन्दी शीघ्रलेखन प्रमाणपत्र उत्तीर्ण तथा शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी).

(iii) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रमिंग में डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा डाटा एन्ट्री की गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति. (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी).

3. स्टेनोग्राफर

(i) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण.

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण.

(ii) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परिषद् से हिन्दी शीघ्रलेखन प्रमाणपत्र उत्तीर्ण तथा शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी).

(iii) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र तथा डाटा एन्ट्री का 10,000 की(Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी).

4. डाटा–एण्ट्री ऑपरेटर

(i) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण.

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण.

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त मंडल से हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से तीन वर्षीय डिप्लोमा.

(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा–एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री का 8000 की **(Key)** डिप्रेशन प्रति घंटा की गति.
(गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी).

5. कार्यालय सहायक/सहायक ग्रेड–3

(i) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण.

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण.

(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा–एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र.

(iii) हिन्दी कम्प्यूटर टायपिंग में 5000 की **(Key)** डिप्रेशन प्रति घंटा की गति.
(गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी).

6. स्टेनो टायपिस्ट –

(i) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से(10+2) हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण.

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण.

(ii) हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रतिमिनट की गति.
(गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी).

(iii) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा–एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र तथा डाटा एण्ट्री की 5000 (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति । (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी).

7. लैब टेक्नीशियन – (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ सम्बन्धित प्रयोगशाला का विषय।

(ii) लैब टेक्नीशियन पद का प्रवर्गवार आरक्षण की स्थिति :–

(i) Hotel Management & Hospitality - अनारक्षित
(ii) Computer Science & Application - अनु.जनजाति
(iii) Microbiology & Bioinformatics - अन्य पिछड़ा वर्ग
(iv) Food Processing and Technology - अनारक्षित

8. वाहन चालक –
1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण.
2) हल्के/भारी वाहन चालक का जीवित वैध लाइसेंस.

9. प्रयोगशाला परिचारक – किसी मान्यता प्राप्त मंडल से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण.

10. भृत्य – किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से कक्षा 5 वीं उत्तीर्ण.

## ऑनलाइन आवेदन की तिथि

| | | |
|---|---|---|
| ⟹ ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि | – | दिनांक 13/फरवरी/2017, दिन सोमवार |
| ⟹ ऑनलाईन आवेदन भरकर ऑनलाइन भुगतान करने की अंतिम तिथि | – | दिनांक 06/मार्च/2017, दिन सोमवार (रात्रि 11:59 बजे तक) |
| ⟹ ऑनलाईन आवेदन भरकर ऑफलाइन(SBI Bank के चालान द्वारा) भुगतान करने की अंतिम तिथि | – | दिनांक 08/मार्च/2017, दिन बुधवार (बैंक के कार्यालयीन समय तक) |

**सामान्य नियम एवं शर्तें :–**

1. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। आवश्यकतानुसार संख्या घटाई/बढाई जा सकती है। छ.ग. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार रोस्टर बिंदु के अनुरूप पद विज्ञापित किये जा रहे हैं।
2. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं/निगम/मंडल आदि में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा।
3. दिनांक 01.01.2017 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष होना चाहिए। अधिकतम आयु में छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दी गई छूट नियमानुसार दी जावेगी। किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयुसीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से कम आयु मे विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे, ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करें। जिन आवेदको की 2 से अधिक संतान हो जिनमें एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे , ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करें।
4. ऑनलाईन आवेदन के साथ कोई भी प्रमाणपत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है परन्तु कौशल परीक्षा के समय Online आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति (हार्डकॉपी) के साथ निम्न प्रमाणपत्रों की मूल प्रति एवं स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति (दो सेट) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा – अ. शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी योग्यता तथा जन्म तिथि से संबंधित। ब. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, यदि आवेदन आरक्षित पद हेतु किया जा रहा है। स. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छ.ग. का मूल निवासी प्रमाण पत्र। द. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र. इ. आवेदन पत्र में असत्य जानकारी देने पर किसी भी स्तर पर संबंधित की भर्ती निरस्त की जा सकेगी, साथ ही नियमानुसार आवेदक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
5. चयनित उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय स्थानीय निवासी, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता संबंधी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों की भलीभॉति जांच कर लेवें। एक बार आवेदन कर दिये जाने के बाद परीक्षा के पूर्व या परीक्षा परिणाम के बाद त्रुटि सुधार के लिए किया गया कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
7. कम्प्यूटर संबंधी योग्यता हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर सूचित मान्यता प्राप्त संस्थाएँ ही मान्य होंगी।
8. प्राप्त आवेदन के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा लिखित एवं कौशल परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा इस हेतु प्राथमिक स्तर पर आवेदन पत्रों का परीक्षण नहीं किया जायेगा अतः अभ्यर्थी जिस पद हेतु आवेदन कर रहा है उस हेतु आवेदन की अंतिम तिथि को निर्धारित योग्यता पूर्ण करता है अथवा नहीं इसका निर्धारण स्वयं कर लेवें।
9. **लैब टेक्नीशियन** – विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभाग में संचालित (i) होटल मैनेजमेंट एवं हॉस्पिटिलिटी **अनारक्षित** (ii) कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लिकेशन **अनुसूचित जनजाति** (iii) माइक्रोबायलॉजी एवं बायोइन्फार्मेटिक्स **अन्य पिछड़ा वर्ग** (iv) फूड प्रोसेसिंग एवं टेक्नालॉजी **अनारक्षित** वर्ग हेतु निर्धारित है।
10. **प्रोग्रामर पद** के लिए कम्प्यूटर एवं अनुप्रयोग से संबंधित विषयवस्तु की लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा के कुल प्राप्तांकों के आधार पर साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

11. क्रमांक 2 से लेकर 10 तक के पदों हेतु लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची से 01 पद के विरूद्ध 08 के अनुपात में कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा में अभ्यर्थियों को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। लिखित एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

12. पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के वेब साईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** के माध्यम से Online आवेदन करें तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति (Hard Copy) सुरक्षित रखें जिसे समस्त अनुलग्नकों सहित साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के समय स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

13. अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता के आधार पर Online Mode में एक ही आवेदन पत्र पद क्रमांक 2 से 6 के एक या अधिक पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं। शेष के लिए पृथक–पृथक Online आवेदन किया जाना अनिवार्य है। प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शुल्क Payment gateway के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है। अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माने जावेंगे। निरस्त आवेदन पत्रों के लिए पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

14. अ.) क्रमांक 2 से 6 के पदों हेतु लिखित परीक्षा सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य गणित, सामान्य मानसिक योग्यता, कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन पर आधारित होगी।
   ब.) लैब टेक्निशियन हेतु लिखित परीक्षा संबंधित विषय के स्नातक स्तर के विषयवस्तु पर आधारित होगी।
   स.) वाहन चालक हेतु लिखित परीक्षा सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित एवं यातायात/सड़क सुरक्षा नियमों पर आधारित होगी।
   द.) प्रयोगशाला परिचारक हेतु लिखित परीक्षा, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य गणित, सामान्य मानसिक योग्यता एवं सामान्य अध्ययन पर आधारित होगी।
   इ.) भृत्य पद हेतु लिखित परीक्षा सामान्य हिन्दी एवं सामान्य गणित पर आधारित होगी।

15. ओ.एम.आर. आन्सरशीट का मूल्यांकन ओ.एम.आर.मशीन से किया जावेगा। अतः पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं रखा गया है।

16. जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय के विज्ञापन क्रमांक 3355/प्रशा./बि.वि.वि./2016, दिनांक 10.05.2016 के अनुक्रम में ऑनलाईन आवेदन निर्धारित आवेदन शुल्क सहित जमा किये हैं उन्हें पुनः आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। परन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन के अनुक्रम में ऑनलाइन आवेदन जमा करना अनिवार्य है। पूर्व में किया गया आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

17. विशेष – ऐसे आवेदक जो बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर में कार्यरत हैं उन्हें अंतिम चयन सूची तैयार करते समय बिलासपुर विश्वविद्यालय में कार्य के अनुभव के लिये प्रतिपूर्ण वर्ष हेतु 2 अंक अधिकतम 08 अंक की अधिमान्यता (Weightage) दी जावेगी तथा बिलासपुर विश्वविद्यालय में कार्यरत अवधि (आवेदन की अंतिम तिथि को) के बराबर अधिकतम आयुसीमा में अतिरिक्त छूट दी जावेगी।

18. इस विज्ञप्ति में उल्लेखित पदों तथा शर्तों के निर्वचन का तथा किसी भी समय नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया को स्थगित करने, निरस्त करने, अन्य शर्तें विहित करने तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कुलपति, बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) को होगा, जो पूर्णतः बन्धनकारी होगा।

कुलसचिव
बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)